जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 अंक-12 जयपुर, सोमवार, 21 मार्च, 2022 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# सामाजिक सेवाओं को समर्पित शख्सियत : डॉ. सुनीता कुमावत

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के कारण मिला वूमन ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड



डॉ. सुनीता कुमावत
MBBS,M.S. (Opthalmolgy)
(Glucoma & Phaco Surgeon)





### कम समय में ही बनाई प्रदेश स्तर पर पहचान

**सेवा के लिए राजकीय सेवा का किया त्याग** -राजकीय सेवा में बतौर एक विशेष प्रशिक्षित फेको एवं ग्लूकोमा सर्जन सेवाएं देते हुए उन्हें महसूस हुआ कि राजकीय सेवा में नेत्र चिकित्सा के अलावा भी अन्य कार्यों का भार उठाते हुए नेत्र रोगियों को वह चिकित्सा सेवाएं नहीं दे पा रही है, जिसके लिए वह प्रशिक्षित हुई है और जिसके लिए मरीज दूरदराज शहरों में भटकते हैं । इसलिए उन्होंने राजकीय सेवा का त्याग कर दिया ।



**सपना बना हकीकत** -डॉ. सुनीता कुमावत का सपना था कि प्रदेश स्तरीय चिकित्सा सुविधा कस्बे के लोगों को भी मिलनी चाहिए । वो सपना आज हकीकत बन चुका है । जयपुर जिले के चौमूं कस्बे और किशनगढ़-रेनवाल में संचालित देवीलाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल नेत्र रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है । पिछले साढे 3 वर्ष में 100000 से अधिक मरीजों का आंखों का सफल इलाज कि जा चुका है ।

**मिला वूमन ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड** -अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के कारण ग्लूकोमा एवं फेको सर्जन डॉक्टर सुनीता कुमावत को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वूमन ऑफ द ईयर 2022 अवार्ड से नवाजा गया । पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने डॉ. सुनीता कुमावत को सम्मानित कर उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की ।

**हॉस्पिटल गढ़ रहा नित नए आयाम** -अपने ससुर देवीलालजी की पुण्य स्मृति में शुरू किया गया आई हॉस्पिटल आज जिला ही नहीं प्रदेश में भी अपनी एक विशेष पहचान बना चुका है । जो भी मरीज आता है उसका पूर्ण संतुष्टि के साथ इलाज किया जाता है । हॉस्पिटल में महानगरों जैसी अत्याधुनिक मशीनों से किया जा रहा है मरीजो का इलाज़ । हॉस्पिटल को आंखों की सेवाओं की गुणवत्ता हेतु अंतरराष्ट्रीय मानक संस्था द्वारा आई.एस. ओ. 9001-2015 के अंतर्गत प्रमाणित भी किया गया है ।हॉस्पिटल में राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आर. जी. एच. एस.) के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों एवं पेंशनर्स का कैशलेस उपचार ( ओ. पी. डी., आई. पी. डी. , दवाइयां) की सुविधा उपलब्ध है ।




### देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल की स्थापना की

नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में पहले बड़े महानगरों का ही नाम लिया जाता था, जो डॉ.सुनीता कुमावत को कचोटता था। उन्होंने सोचा कि प्रदेश स्तरीय चिकित्सा सुविधा कस्बे के लोगों को भी मिलनी चाहिए । ये बात पति विमल कुमावत को बताई तो मान गए । पति विमल कुमावत के साथ मिलकर सन 2018 में उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा युक्त देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल किशनगढ़ रेनवाल कस्बे में शुरू किया । इसके बाद वर्ष नवंबर 2020 में चौमूं में स्वयं का संपूर्ण चिकित्सा सुविधा युक्त हॉस्पिटल शुरू किया । यहां सभी तरह की जांच और ऑपरेशन की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है ।

### जीवन परिचय

डॉ. सुनीता कुमावत का जन्म 4 सितम्बर 1982 को जयपुर जिले के आमेर तहसील के गाँव भट्टों की गली में शासन सचिवालय से रिटायर्ड श्री हरिनारायण कुमावत और श्रीमति विमला देवी के घर हुआ। बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहते हुए कई पारितोषिक अपने नाम किए । वर्ष 2009 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर 2013 तक राजकीय चिकित्सा में सेवाएं दी । इसके पश्चात वर्ष 2013 से 2016 तक एमएस नेत्र रोग की पढ़ाई करने के पश्चात फेको एवं ग्लूकोमा सर्जरी की देश के प्रतिष्ठित वेणु आई इंस्टीट्यूट दिल्ली से ट्रेनिंग ली । 21 नवम्बर 2017 को चौमूं, जयपुर निवासी विमल कुमावत के साथ विवाह बंधन में बंधी । इनके 11 वर्ष की बेटी सान्वी और साढ़े 5 साल का बेटा समर्थ है ।



### पति का मिल रहा पूरा साथ

डॉ. सुनीता कुमावत को सेवा कार्यों में पति का पूरा साथ मिलता है । हमेशा कंधे से कन्धा मिलकर खड़े रहते हैं । हॉस्पिटल में पति विमल कुमावत मैनेजिंग डायरेक्टर की भूमिका निभाते हुए नेत्र रोगियों के अत्याधुनिक इलाज मुहैया कराने में जुटे हुए हैं ।

**शल्य चिकित्सा में दक्षता** - शल्य चिकित्सा में दक्ष हैं । अपनी इस दक्षता का श्रेय सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्रोफेसर एवं एच.ओ.डी. श्रीमती डॉक्टर अंजू कोचर को देती हैं, जिनकी पूर्ण देखरेख में इन्होंने नेत्र रोग विशेषज्ञ पढ़ाई पूरी की ।

**जब मिलती है खुशी** -नेत्र रोग विशेषज्ञ होने की असली खुशी तब मिलती है जब दोनों आंखों से अंधे मरीज हमारे पास आता है और सफल इलाज के बाद में दुनिया वापस देखना शुरु करता है, उसकी मुस्कुराहट ही हमारे लिए सबसे बड़ी खुशी होती है ।

**स्वास्थ्य सेवाओं के तय किए नए मानक** -डॉ. सुनीता कुमावत ने एचआईवी / एड्स मरीजों में ओस्क्युलर मेनिफेस्टेशन एवं न्यूरो फथेल्मोलॉजिकल बीमारी पर कई रिसर्च पेपर लिखे जो कि विभिन्न नेशनल एवं इंटरनेशनल मेडिकल जनरल में प्रकाशित हुए हैं । डॉ. कुमावत को 2015 में राजस्थान ओफथेलमोजी सोसायटी द्वारा बेस्ट रिसर्च पेपर के लिए गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया था ।

### जटिल ऑपरेशन से गुजरे हुए मरीजों का भी संभव है इलाज



अस्पताल में सेकेंडरी आई. ओ. एल. इम्प्लांट करके उन मरीजों का भी इलाज किया जाता है ,जिनका अन्यत्र जटिल सर्जरी सर्जरी के चलते आई. ओ. एल. इम्प्लांट नहीं हो पाते । ग्लूकोमा आंखों की रोशनी का धीमा चोर है जो मरीज को स्थाई रूप से अंधा बना सकता है । बतौर ग्लूकोमा सर्जन आई. ओ. एल. इम्प्लांट बताती हैं कि ग्लूकोमा आंखों की सबसे खराब बीमारियों में से एक है । ग्लूकोमा से गई हुई रोशनी किसी भी इलाज से वापस नहीं लाई जा सकती है ,इसलिए समय पर जांच एवं इलाज आवश्यक है । देवीलाल आई हॉस्पिटल की टीम समय-समय पर ग्लूकोमा जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को ग्लूकोमा जांच एवं इलाज हेतु जागरूक करते रहते हैं । अस्पताल में हर मरीज को की ग्लूकोमा स्क्रीनिंग के लिए एन.सी.टी. मशीन द्वारा जांच की जाती है ताकि समय रहते बीमारी का पता चल सके।

### हमारे प्रेरणा स्त्रोत

विमल कुमावत ने बताया कि मेरे पिताजी स्वर्गीय श्री देवीलाल जी ने अपना जीवन बड़ी सादगी और संघर्ष के साथ जिया । उन्होंने हमें जीवन में यही सिखाया कि जरूरतमंदों की समय पर मदद करना ही ईश्वर की सच्ची आराधना है । इसी प्रेरणा से प्रेरित होकर चौमूं एवं किशनगढ़ रेनवाल में देवी लाल मेमोरियल आई हॉस्पिटल की स्थापना हुई । उनका उद्देश्य था कि आंखों की विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं समाज के प्रत्येक वर्ग को उचित एवं किफायती दरों पर उपलब्ध हो सके ।



DLMEH
Eye Care We Care

# मुख्यमंत्री को विभिन्न सहित्यकारों ने मुलाकात कर अपनी पुस्तकें भेंट की



**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निवास पर विभिन्न सहित्यकारों ने मुलाकात की और अपनी पुस्तकें भेंट की। जाने-माने साहित्यकार डॉ. सी.पी. देवल ने रजा फाउंडेशन फैलोशिप के तहत ''द गीता''-मिनएचर पेंटिंग्स (1680-1698 ई.) और श्लोकों के अनुवाद की प्रति भेंट की। इसमें सुप्रसिद्ध चित्रकार अल्लाहबख्श द्वारा गीता के श्लोकों के आधार पर चित्रांकन किया गया है। इन श्लोकों का राजस्थानी भाषा में भी डॉ. देवल ने अनुवाद किया है। काव्या फाउण्डेशन के संस्थापक और कवि-विचारक डॉ. परीक्षितसिंह द्वारा कविता संग्रह ''स्वयं से परिचय'' एवं इकराम राजस्थानी द्वारा रवीन्द्रनाथ टैगोर की काव्यकृति ''गीतांजलि'' के राजस्थानी अनुवाद ''अंजली गीतां री'' का द्वितीय संस्करण भेंट किया गया। इसके साथ ही स्वच्छ नगर संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण सिंह ने संस्था द्वारा प्रकाशित ''शहरी और ग्रामीण विकास के लिए संकल्पबद्ध'' स्मारिका और साहित्यकार नन्द भारद्वाज ने ''आलोचना री आधार भौम और नन्दजी से हथाई तथा वरिष्ठ पत्रकार-चित्रकार विनोद भारद्वाज ने ''जिन्दगीनामा मिर्जा गालिब'' पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बी.एल. शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सन्नी सेबेस्टियन, डॉ. रिपुंजयसिंह, पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता सिंह, राजस्थानी कवि कल्याणसिंह शेखावत, सेवानिवृत्त आईएएस आर.एस. जाखड़, काव्या संस्था के कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार सिंह साहिल, ज्ञानचन्द बागड़ी, प्रेमकुमार शर्मा, शोभा चन्दर और स्वच्छ नगर संस्था के सचिव भरत कुदाल आदि मौजूद रहे।



# विराज फाउंडेशन का होली स्नेह मिलन समारोह हुआ संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में मोरीजा स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी के नेतृत्व में आयोजित हुआ । जिसमे सभी पदाधिकारियों कि उपस्थिति में फागोत्सव व भजन संध्या में कलाकारों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई । प्रदेश मीडिया प्रभारी अशोक आचार्य ने बताया कि कार्यक्रम सामाजिक समरसता, भाईचारा एवं सांस्कृतिक स्तर पर त्योहारों के प्रति भावना को बढ़ाने के लिए किया गया। इस दौरान प्रदेश संरक्षक कृपा शंकर शर्मा, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ राम प्रकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव (आयुष प्रकोष्ठ) डॉ पवन कुमार तिवाडी, प्रदेश सलाहकार डॉ बंशीधर शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ) हरिओम शर्मा, जिलाध्यक्ष मुकेश दीक्षित, चौमूँ तहसील महासचिव भवानी शंकर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) रामलाल चौधरी, चौमू तहसील अध्यक्ष अशोक रेवडका, चौमूँ तहसील महासचिव नरेंद्र कुमार शर्मा, चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, चौमूँ नगर अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) ममता दीक्षित, चौमूँ नगर महामंत्री (महिला प्रकोष्ठ) आशा शर्मा, डॉ एमके अग्रवाल, डॉ विश्वनाथ तिवाडी, उपसरपंच सुदर्शन शर्मा, डॉ गोपी नाथ तिवाडी डॉ सुरेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# विधायक रामलाल शर्मा ने विधानसभा में उठाया पेयजल का मुद्दा



**जयपुर (हमारा वतन)** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से पेयजल का मुद्दा उठाया। उन्होंने पूछा कि प्रदेश में सरकार द्वारा 2021-22 के बजट में प्रत्येक विधानसभा में 10 नलकूप व 40 हैंडपंप की स्वीकृति की घोषणा की गई थी। अब तक सरकार द्वारा कितने नलकूप व हैंडपंप लगाए गए और जिन विधानसभा क्षेत्र में पानी गहरा होने के कारण हेडपंप उपयोगी नहीं है, वहां क्या अतिरिक्त वैकल्पिक कार्य किया गया। इस पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने जवाब देते हुए बताया कि बजट 2021-22 में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 40 हेड पंप और 10 नलकूप लगाने की घोषणा की गई थी। उक्त घोषणा अनुसार जयपुर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था अंतर्गत 67 नलकूप एवं 269 हैंडपंपों का वेधन कार्य पूर्ण किया जाकर अब तक 42 नलकूप एवं 268 हेडपंप चालू किए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि 90 मीटर से अधिक के भूजल स्तर की उपयोगिता वाले क्षेत्रों में हेड पंप का निर्माण किया जाना तकनीकी रूप से व्यावहारिक नहीं है। जयपुर जिले के ऐसे विधानसभा क्षेत्र जहां हेडपंप का निर्माण उक्त अनुसार व्यावहारिक नहीं है, उन विधानसभा क्षेत्रों में अन्य व्यवस्था के अंतर्गत 150 एवं 200 मिलीमीटर व्यास के 184 थ्री फेज नलकूपों के निर्माण एवं स्थापना कार्य हेतु स्वीकृति जारी की जाकर इसके विरुद्ध 92 नलकूप अब तक चालू किए गए हैं। विधायक रामलाल शर्मा ने पूछा कि किस-किस विधानसभा क्षेत्र में उक्त घोषणाओं को पूरा किया गया है। इस पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री ने कहा कि जयपुर जिले के शेष विधानसभा क्षेत्रों में घोषणा की अनुपालना में अनुशंसा, आवश्यकता एवं फिजीबिलिटी अनुरूप स्वीकृतियां सतत रूप से जारी जाकर हैंडपंपों का निर्माण किया जा रहा है।

# पोलैंड की कैरोलिना बिलाव्स्का बनी मिस वर्ल्ड 2021, अमेरिकन सुंदरी श्री सैनी रहीं फर्स्ट रनर अप

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** मिस वर्ल्ड 2021 के खिताब पर पोलैंड की सुंदरी कैरोलिना बिलाव्स्का ने कब्जा जमाया है। प्यूर्टो रिको में आयोजित हुई 70 वीं मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में भारतीय मूल की अमेरिकन सुंदरी श्री सैनी फर्स्ट रनर अप रहीं, जबकि पश्चिम अफ्रीकी देश आइवरी कोस्ट की ओलिविया येस सेकंड रनर अप रही हैं। कोरेशन नाइट पर 2019 की विनर टोनी एन सिंह ने 23 साल की कैरोलिना को पेजेंट यानी ताज पहनाया। प्रतियोगिता की फर्स्ट रनर अप रहीं श्री सैनी मूल रूप लुधियाना की रहने वाली हैं। उनका जन्म लुधियाना के मेजर शिव देव सिंह नगर में हुआ था। वह जब पांच साल की थीं तो उनके पिता संजीव और मां एकता अमेरिका के वाशिंगटन शिफ्ट हो गए थे। पढ़ाई के साथ-साथ मॉडिलिंग भी करती थीं। इसके पहले वह मिस इंडिया यूएसए 2017 का टाइटल जीत चुकी हैं। मिस वर्ल्ड का खिताब हासिल करने वाली कैरोलीना पेशे से मॉडल हैं। वे अभी मैनेजमेंट में मास्टर्स डिग्री की पढ़ाई कर रही हैं। इसके बाद पीएचडी करके मोटिवेशनल स्पीकर बनना चाहती हैं। कैरोलीना स्विमिंग और स्कूबा डाइविंग की शौकीन हैं। वहीं, उन्हें टेनिस और बैडमिंटन खेलना पसंद है।





# सीएम भगवंत मान के शपथ ग्रहण समारोह में राजस्थान के आप नेताओं ने की शिरकत

**पंजाब (हमारा वतन)।** आम आदमी पार्टी चौमूं ,शाहपुरा व श्रीमाधोपुर के कार्यकर्ताओं ने खटकड़ कलां पंजाब में सीएम भगवंत मान के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की।

इस दौरान आम आदमी पार्टी चौमूं विधानसभा अध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी, किसान नेता प्रभात बराला, शाहपुरा आम आदमी पार्टी के नेता जितेंद्र सैनी और श्रीमाधोपुर आम आदमी पार्टी के नेता व पूर्व विधायक प्रत्याशी कमलेश कुमार सेन आदि पहुंचे ।

# जयपुर में डच महिला से मालिश के बहाने दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर (नि.सं.)।** राजस्थान पुलिस ने जयपुर में एक डच पर्यटक के साथ मालिश करने के बहाने कथित तौर पर दुष्कर्म करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी पीड़िता के साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया और जयपुर से निकलने ही वाला था कि बुधवार शाम शहर के विद्याधर नगर इलाके से उसे पकड़ लिया गया। पुलिस अधिकारी गुंजन सोनी ने कहा, नीदरलैंड की एक 30 वर्षीय महिला के साथ बुधवार शाम को कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया। लगभग पांच दिन पहले, वह होली के त्योहार का आनंद लेने के लिए एक समूह के साथ राजस्थान आई थी। विदेशी पर्यटकों का यह समूह रुका हुआ था। सिंधी कैंप क्षेत्र स्थित पीजी में बुधवार शाम को महिला ने एक युवक को आयुर्वेदिक मसाज कराने के लिए बुलाया। मसाज के दौरान पीड़िता के विरोध के बावजूद आरोपी ने महिला पर जबरदस्ती की और बाद में वहां से भाग गया। पीड़िता ने गुरुवार को सिंधी कैंप थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



# माली समाज में आयोजित हुआ होली स्नेह मिलन समारोह

**चौमूं (हमारा वतन)।** सैनी समाज सभा भवन पर महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान के तत्वाधान में होली स्नेह मिलन समारोह मंत्री ओमकार तंवर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । इस दौरान उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने भी एक दूसरे को गुलाल व तिलक लगा कर शुभ कामनाएं दी । इस अवसर पर संस्थान की तरफ से सभी को कोल्ड ड्रिंक व सूरज मल प्रभाती लाल सैनी, ओम प्रकाश सैनी बैंक वालो की तरफ से अल्पहार की व्यवस्था की गई। समारोह में चंग व होली गीतो की शानदार प्रस्तुति टीम राईयो की ढाणी द्वारा की गई। जिसमे सभी समाजबंधुओं ने जमकर आनंद लिया । इस अवसर पर संस्थान कार्यकारणी से सभी सदस्यों के अलावा भवन निर्माण अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, डॉक्टर भगवान सहाय सैनी, डॉक्टर मान प्रकाश सैनी, डॉक्टर संतोष सैनी के साथ समाज के अनेक लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के राजेन्द्र चौधरी ने अपने जीवनकाल का 44 वाँ ब्लड डोनेट किया



**जयपुर (हमारा वतन)।** रक्तदान जीवनदान फॉउंडेशन के सह संचालक राजेन्द्र चौधरी ने अपने जीवनकाल का 44 वाँ ब्लड डोनेट करके डिलेवरी पेशेंट की जान बचाई। जयपुर के सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में एड्मिट महिला को ब्लड की जरूरत पड़ी। परिवार में कोई डोनेट करने वाला नही होने की वजह से परिवार काफी परेशान हो रहा था। ब्लड बैंक स्टाफ ने राजेन्द्र चौधरी से बात की और पूरी जानकारी दी। राजेन्द्र चौधरी तत्काल हॉस्पिटल पहुँच कर ब्लड डोनेट किया।

# जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद पशुधन सहायक, पद संख्या 1136, अंतिम तिथि 27 अप्रैल 2022
2. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएमएसएसबी), पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 1012, अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2022
3. राजस्थान कर्मचारी चयन आयोग (आरएसएमएसएसबी), पद वनपाल वनरक्षक, पद संख्या 2399, अंतिम तिथि 29 मार्च 2022
4. भारतीय नौसेना, पद एसएसआर एए, पद संख्या 2500, अंतिम तिथि 5 अप्रैल 2022
5. बैंक नोट प्रेस देवास, पद जूनियर टेक्नीशियन, पद संख्या 81, अंतिम तिथि 28 मार्च 2022
6. पटना हाई कोर्ट बिहार, पद कंप्यूटर ऑपरेटर, पद संख्या 30, अंतिम तिथि 7 अप्रैल 2022
7. एंप्लोई स्टेट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन (ईएसआईसी) पद स्पेशल सिक्योरिटी ऑफिसर, पद संख्या 93, अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2022
8. उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद आरओ एआरओ, पद संख्या 337, अंतिम तिथि 5 अप्रैल 2021




# बोल्ड ड्रेस पहनने पर बुरी तरह ट्रोल हुईं अनन्या पांडे, यूजर ने कहा– 'पूरा बॉलीवुड नशे में डूबा है'



अनन्या पांडे को अक्सर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। उन्होंने माना भी है कि शुरुआत में यह उन पर असर करता था लेकिन अब वह ट्रोलर्स पर ध्यान नहीं देतीं। कभी उनकी एक्टिंग स्किल को लेकर मजाक उड़ाया जाता है तो कभी ड्रेसिंग सेंस को लेकर निशाने पर होती हैं। गुरुवार की रात को अनन्या पांडे बेहद बोल्ड ड्रेस में दिखीं। वह धर्मा प्रोडक्शंस के सीईओ अपूर्व मेहता की जन्मदिन पार्टी में शामिल हुईं। इस पार्टी में बॉलीवुड के बड़े–बड़े सितारे पहुंचे लेकिन अनन्या पांडे की ड्रेस पर सभी का अटेंशन गया। यही वजह रही कि उन्हें ट्रोल किया गया ।अनन्या ने बर्थडे बैश में शीर ब्लैक ड्रेस पहनी थी। इसके साथ उन्होंने ब्लैक हाई हील्स कैरी किए। सोशल मीडिया पर अनन्या निशाने पर आईं और उनके कपड़ों का जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है।

**यूजर्स ने किया ट्रोल**–एक यूजर ने लिखा– 'हॉलीवुड की नकल करने का संघर्ष जारी है।' एक यूजर लिखते हैं 'मॉडर्न स्विमसूट।' एक ने कहा, 'बॉलीवुड कार्दशियन बनने की कोशिश करता हुआ।' एक यूजर ने लिखा, 'पैंट तो पहन लेती मैडम।' तो कई यूजर्स ने अनन्या पांडे की तुलना उर्फी जावेद से की।

# टिप्स अच्छी नींद के लिए

*नींद के इंतजार में पूरी रात गुजर जाती है, बार–बार आंख खुलती है, सुबह जल्दी नहीं उठ पाते या आधी रात में जाग जाते हैं तो समझ लें कि नींद का पैटर्न बिगड चुका है। यदि आपके साथ भी ऐसा हो रहा हो तो ये तरीके आजमाएं।*

*1. तभी सोएं, जब सचमुच नींद आ रही हो। करवटें बदलते रहने से अच्छा है कि कोई दिलचस्प काम करें। जैसे– किताब पढें या म्यूजिक सुनें।*

*2. घडी देखने से बचें। कुछ दिन अलार्म क्लॉक का मुंह दूसरी तरफ कर दें। रात में देर तक नींद नहीं आने से सुबह देर से आंख खुलेगी। नींद का चक्र पूरा होना जरूरी है। शरीर की बायोलॉजिकल क्लॉक के हिसाब से ही चलें, तभी निरर्थक दबाव से बच सकेंगे।*

*3. रात में कैफीन और एल्कोहॉल से बचें। इससे भी नींद देर से आती है।*

*4. ऐक्टिव रहें। सुबह कम से कम एक घंटा वर्कआउट के लिए निकालें और डिनर के बाद भी*



*15–20 मिनट वॉक करें। यूएस के नेशनल स्लीप फाउंडेशन के सर्वे में कहा गया है कि जो लोग नियमित वॉक व एक्सरसाइज करते हैं, उन्हें अच्छी नींद आती है।*

*5. रात में हेवी मील्स से बचें। यदि डिनर 9 बजे के बाद करते हैं तो प्रोटीनयुक्त, भारी या मसालेदार भोजन से बचना ठीक होगा।*

*6. माहौल को शांत, सुगंधित व हवादार रखें। कमरे में शोर आता हो, पर्याप्त हवा न आती हो या कोई गंध आती हो तो नींद में खलल पडेगा। बेडरूम कलर्स भी बहुत डार्क न रखें।*

*. बेड शेयर करते हुए दो लोग एक ही कंबल ओढने से बचें। इससे भी नींद खराब हो सकती है।*

*8. सोने–जागने का नियत समय बनाएं। हालांकि यात्राओं*

*9. नींद न आने का एक कारण मैट्रेस भी हो सकता है। हर मैट्रेस की एक उम्र होती है, जब वह असुविधाजनक हो जाए, उसे बदल लें।*

*10. मन को शांत रखें। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि सोने से पहले स्ट्रेस वाला कोई काम न करें, ऐसा कुछ न बोलें, जो तनाव में डाले।*

*11. प्रार्थना करें। कुछ देर हाथ जोड कर प्रार्थना या ध्यान करने से मन को सुकून मिलता है। इससे दिमाग शांत होता है और श्वसन प्रक्रिया सुचारु होती है।*

# प्रियंका चोपड़ा ने पति निक जोनस के साथ मनाई 'रोमांटिक' होली, शेयर किए तस्वीरें और वीडियो

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस ने इस साल जमकर होली खेली। सरोगेसी से माता–पिता बनने के बाद प्रियंका–निक की यह पहली होली थी। शनिवार को प्रियंका चोपड़ा ने अपने होली सेलिब्रेशन की तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किए। निक जोनस ने भी इंस्टाग्राम पर कुछ रील्स शेयर की हैं जिनमें आप उन्हें यारों के साथ होली का मजा लेते देख सकते हैं। एक वीडियो में आप प्रियंका चोपड़ा को निक जोनस की तरफ बढ़ते हुए और फिर उन्हें गले लगाते हुए देख सकते हैं।दोनों ने एक दूसरे को किस करते हुए भी अपनी एक फोटो शेयर की है। एक तस्वीर में जहां निक जोनस हाथों में गुलाल लेकर किसी को रंग लगाने की तैयारी में नजर आ रहे हैं वहीं दूसरी फोटो में प्रियंका चोपड़ा गुलाल लेकर एन्जॉय करती दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उनकी फिल्म वक्त का गाना लिखा, 'Do me a favor.. letÓs play holi.' हालांकि इसके आगे प्रियंका ने लिखा– सॉरी... मुझे खेलनी ही पड़ी।प्रियंका चोपड़ा ने कई सारी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए लिखा– उस वक्त में जब पूरी दुनिया डरा हुआ महसूस कर रही है, तब थोड़ी सी मौज मस्ती कर पाना वाकई खुदा की नेमत है। हैप्पी होली सभी को। हमारी फैमिली और सभी दोस्तों का शुक्रिया जिन्होंने ऐसे होली खेली जैसे देसी लोग खेलते हैं। आप सभी की बहुत आभारी हूं। प्रियंका निक की इन तस्वीरों को जमकर लाइक और शेयर किया गया है।



# विवेक अग्निहोत्री की द कश्मीर फाइल्स 100 करोड़ क्लब में शामिल, कंगना रनौत बोलीं– देश के पश्चाताप के आंसू हैं

विवेक अग्निहोत्री निर्देशित फिल्म द कश्मीर फाइल्स  सात दिनों में ही 100 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है। फिल्म को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। फिल्म की शुरुआत भले ही बॉक्स ऑफिस पर कमजोर हुई थी, लेकिन दूसरे दिन से ही फिल्म के साथ देश की जनता जुड़ गई और फिर फिल्म धीरे धीरे तेजी से कमाई करने लगी। कश्मीरी पंडितों के साथ हुई घटना को बयान करती ये फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। आम दर्शक के अलावा भी कई सेलेब्स इस फिल्म की तारीफ कर चुके हैं। ऐसे में अब कंगना रनौत ने फिल्म के कलेक्शन को लेकर रिएक्ट किया है।



**कंगना की इंस्टा स्टोरी**–दरअसल द कश्मीर फाइल्स ने 100 से अधिक का कलेक्शन किया है। कोरोना काल के बाद धीरे धीरे खुल रहे सिनेमाघरों का हालातों को देखते हुए ये एक बड़ा रिकॉर्ड है। ऐसे में कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी में लिखा, ये बिजनेस नहीं है, ये एक कलाकार की देश प्रेम की भावना है और ये पैसे नहीं इस देश के पश्चाताप के आंसू हैं। कंगना की इंस्टा स्टोरी तेजी से वायरल हो रही है और फैन्स इस पर रिएक्ट कर रहे हैं।

**7 दिन में 106.80 करोड़** –फिल्म के कलेक्शन को लेकर विवेक अग्निहोत्री ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने बताया है कि कश्मीर फाइल्स ने 7 दिन में ही कुल 106.80 करोड़ रुपये की कमाई की है। बता दें कि फिल्म आने वाले दिनों में और भी तगड़ी कमाई कर चुकी है। फिल्म को वीकेंड का फायदा मिल सकता है। विवेक के पोस्ट पर कई फैन्स ने लिखा है कि ये फिल्म सिर्फ 100 नहीं बल्कि 400–500 करोड़ रुपये की कमाई करेगी। याद दिला दें कि 11 मार्च को रिलीज हुई फिल्म का कलेक्शन धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है। फिल्म ने पहले दिन 8.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।






## वेस्टइंडीज के खिलाफ बेन स्टोक्स की तूफानी पारी

**11 चौके और 6 छक्को की मदद से बनाए ताबड़तोड़ 120 रन, इंग्लैंड ने खड़ा किया 507 रन का विशाल स्कोर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किंग्स ओवल में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट का दूसरा दिन इंग्लिश बल्लेबाजों के नाम रहा। इंग्लैंड ने 9 विकेट के नुकसान पर 507 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी। दिन की समाप्ति पर वेस्टइंडीज ने 1 विकेट खोकर 71 रन बना लिए हैं। एक तरफ जो रूट ने 316 गेंदों में 14 चौकों की मदद से 153 रन बनाए तो वहीं, बेन स्टोक्स ने 120 रनों की आतिशी पारी खेली। कोई भी विंडीज गेंदबाज मेहमानों पर दबाव डालने में सफल नहीं रहा। वेस्टइंडीज के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट वीरासामी परमाल ने लिए।

## कोहली के साथ आईपीएल 2013 में हुए विवाद पर खुलकर बोले गौतम गंभीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर और विराट कोहली को उनके आक्रामक अंदाज के लिए जाना जाता है। चाहे बात बल्लेबाजी की हो या कप्तानी की यह दोनों ही खिलाड़ी काफी जोश में दिखाई देते हैं। आईपीएल 2013 में इसी आक्रामक अंदाज की वजह से ये दोनों खिलाड़ी मैदान पर ही भिड़ गए थे। इन दोनों की इस भिड़ंत ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। अब गौतम गंभी ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की है। गंभीर का कहना है कि कप्तान होने के नाते कई बार आपको ना चाहते हुए भी ऐसा करना पड़ता है। जतिन सप्रू के यूट्यूब शो 'ओवर एंड आउट' पर गंभीर ने कहा ÷यह ठीक है, मैं इसके साथ बिल्कुल ठीक हूं और मुझे उम्मीद थी कि वह (कोहली) ऐसा ही होगा। मैं ऐसा हूं। मुझे वह प्रतियोगिता पसंद है, मुझे प्रतिस्पर्धी लोग पसंद हैं। एमएस धोनी अपने तरीके से एक प्रतियोगी हैं, विराट अपने तरीके से। कभी-कभी जब आप एक टीम की कप्तानी कर रहे होते हैं, तो आपको ऐसा करना पड़ता है, भले ही आप ऐसा न करना चाहें क्योंकि आप चाहते हैं कि आपकी टीम आपकी इच्छानुसार खेले। एक लीडर के रूप में, कभी-कभी आप इसके बारे में नहीं सोच रहे होते हैं ।

## पूजा वस्त्राकर ने जड़ा वुमेंस वर्ल्ड कप 2022 का सबसे लंबा छक्का

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वुमेंस वर्ल्ड कप 2022 का 18वां मुकाबला ऑकलैंड में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 बार की चैंपियन टीम ऑस्ट्रेलिया के सामने जीत के लिए 278 रनों का लक्ष्य रखा है। भारत के लिए यस्तिका भाटिया, मिताली राज और हरमनप्रीत कौर ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं अंत में आकर पूजा वस्त्राकर ने भी 28 गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके की मदद से 34 रन की तेज तर्रार पारी खेल टीम को बड़ स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। पूजा ने अपनी पारी के दौरान वुमेंस वर्ल्ड कप 2022 का सबसे लंबा छक्का भी लगाया।



टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# क्या करे कांग्रेस तो बन सकती है फिर से देश की नंबर एक राजनीतिक पार्टी?



राम गोपाल सैनी

पांच राज्यों-उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव के नतीजे देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के लिए घोर निराशाजनक साबित हुए। किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि एक दिन यह पार्टी सिर्फ राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे दो राज्यों तक सीमित हो जाएगी। एक समय यह पार्टी पूरे भारत में अपनी सरकार बनाती थी, लेकिन आज मुख्य विपक्षी दल बने रहने के लिए भी संघर्ष कर रही है। कांग्रेस की यह स्थिति खुद कांग्रेस की ही देन है। विगत कुछ वर्षों में कांग्रेस एक ऐसे दल के रूप में बदल गई है, जो अपने आप में एक विरोधाभास समेटे हुए है। इसके सारे फैसले नेहरू-गांधी परिवार लेता हुआ नजर आता है। इसका शीर्ष नेतृत्व या कहें हाईकमान राज्यों के नेताओं के पारस्परिक विवादों को सुलझाने में ही लगा रहता है। इसके बाद भी वह बड़े नेताओं के झगड़े सुलझा नहीं पा रहा है। कांग्रेस नेतृत्व की यह स्थिति परवर्ती मुगलों के समान दिखाई देती है। कहने को तो उनके पास पूरा भारत था, लेकिन वास्तव में उनका साम्राज्य सिर्फ पुरानी दिल्ली से पालम तक ही चलता था। पंजाब और उत्तराखंड में इस बार कांग्रेस की जीत की अच्छी संभावनाएं दिख रही थीं। हालांकि पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू एवं कैप्टन अमरिंदर सिंह, फिर बाद में चरणजीत सिंह चन्नी और उत्तराखंड में हरीश रावत एवं प्रीतम सिंह के आपसी कलह ने उसे पूरे परिदृश्य से ही बाहर कर दिया। इसी तरह कांग्रेस में असंतुष्ट नेताओं का एक समूह पनप चुका है जिसे संभालना पार्टी के लिए लगातार कठिन होता जा रहा है। दिक्कत की बात यह है कि कांग्रेस नेतृत्व दशकों से इन्हीं नेताओं पर आश्रित रहा है। आज स्थिति यह है कि इन नेताओं के असहयोग के कारण कांग्रेस हर जगह असमर्थ दिखती है। कांग्रेस को चाहिए कि भाजपा की तरह वह नेताओं की नई पौध को लगातार विकसित करता रहे। उन्हें भविष्य के नायक के रूप में तराशती रहे। कांग्रेस को यह भी विचार करना होगा कि अब उसके दल का कौन-सा पुर्जा पूरी तरह से घिस चुका है, कौनसा पहिया टूट चुका है और किसे राजनीतिक समर से बाहर भेजा जाना चाहिए।

# युईएम जयपुर एंड सेंट लुइस विश्वविद्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुआ एमओयू



**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, जयपुर ने सेंट लुइस विश्वविद्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक साल के एमबीए कार्यक्रम, संकाय विनिमय कार्यक्रम, छात्र विनिमय कार्यक्रम, एफडीपी और प्रशिक्षण सत्रों के लिए समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए और उनका आदान-प्रदान किया।सेंट लुइस विश्वविद्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से केटलिन मैककोनेल, निदेशक, स्नातक व्यापार कार्यक्रम डॉ पलाश बेरा, अंतरिम एसोसिएट डीन, स्नातक व्यापार कार्यक्रम ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने और संभावित छात्रों के साथ बातचीत करने के लिए आज यूईएम जयपुर का दौरा किया।

# जयपुर के सिटी पैलेस में पारम्परिक होलिका दहन का हुआ आयोजन

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर के सिटी पैलेस में पारम्परिक 'होलिका दहन' का आयोजन शाही शान-शौकत के साथ किया गया। 'होलिका दहन' से पूर्व जयपुर के पद्मनाभ सिंह ने 'पूजन' एवं 'हवन' अनुष्ठान सम्पन्न करवाया। होली उत्सव में पूर्व राजमाता पद्मिनी देवी और गौरवी कुमारी भी शामिल हुईं। सिटी पैलेस में आयोजित इस फेस्टिवल में बड़ी संख्या में जयपुरवासियों और देशी-विदेशी पर्यटकों ने शिरकत की। इस अवसर पर अनेक जयपुरवासी होली की पवित्र अग्नि को संबंधित कालोनियों में 'होलिका दहन' के लिए ले गये।

# राजस्थान पुलिस ने मनाई होली:जिले में डीजे की धुनों पर झूमे पुलिसकर्मी, जमकर ठुमके लगाए

सवाई माधोपुर(वि.सं.)। राजस्थान पुलिस ने होली मनाई। जिले के सभी थाने और पुलिस चौकियों में पुलिस के जवानों ने सुबह से ही होली खेलनी शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस के जवान होली के रंगों में मस्ती में झूमते दिखाई दिये। होली के दिन लोगों की सुरक्षा में तैनात राजस्थान पुलिस ने धुलण्डी के अगले दिन शनिवार को होली खेली। सवाई माधोपुर में पुलिस अधिकारियों व जवानों ने मानटाउन थाना, पुलिस लाइन, कोतवाली, शहर पुलिस चौकी सहित जिले के सभी थाना परिसर में होली खेली। एसपी सुनील कुमार विश्नोई ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। जिले के सभी थानों में भी पुलिसकर्मियों ने होली खेली। पुलिसकर्मी डीजे पर डांस करते हुए होली के रंग में रंगे नजर आए। पुलिसकर्मी डीजे पर नाचकर ऐसे मशगूल हुए कि कई घंटों तक डांस करते रहे।

# पंडित रविंद्र आचार्य की भविष्यवाणी सत्य होने पर हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का राष्ट्रीय परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष पूजा पाठक ने सम्मान किया। सम्मान स्वरूप परशुराम सेना का दुपट्टा, पुष्प गुच्छ और भगवान परशुराम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि पंडित रविंद्र आचार्य ने यूपी चुनाव को लेकर पिछले दिनों भविष्यवाणी की थी कि यूपी में योगी आदित्यनाथ फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे ! जो सटीक साबित हुई है। पूजा पाठक कहा कि आचार्य ऐसे ही भविष्यवाणी करते रहें और आगे बढ़ते रहें। अपने देश और प्रदेश का नाम रोशन करते रहे। इस दौरान कुणाल पाठक,राहुल दाधीच ,अमित आचार्य ,सुमित शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# माता पिता को तुरंत अभी धन्यवाद कहें...

कुछ महीने पहले गांव गया था। एक दिन एक मेरे ही द्वारा आयोजित बुजुर्ग सम्मान समारोह में बोलते हुए मैंने कहा -लोग जितना अपनी संतानों के लिए करते हैं, यदि अपने माताजी पिताजी के लिए कर दें, तो माता पिता अपने बच्चे से कह उठते हैं बेटा तेरे जैसा किसी ने नहीं किया। जबकि ठीक इसके उलटे बच्चे अपने माता पिता से शायद ही कहते हों, पिता जी आप ने हमारे लिए बहुत कुछ किया। शायद ही बेटे अपने पिता को धन्यवाद कहते हो। यह बात मैंने अपने भाषण में तो कह दी, यद्यपि की कान्हा की कृपा से भाग्यशाली हूं, माता पिता की सेवा का अवसर मिल रहा है।



मैंने भी कभी इस नज़र से अपने पिता जी जो धन्यवाद नहीं कहा, सवाल धन्यवाद का नहीं, सवाल है पिता के प्रति कृतज्ञता के भाव का। अभी कुछ दिन पहले मैंने एक दिन पत्नी, माताजी, बेटे, बेटी को पिता जी के पास बुलाया और सबके सामने पिता जी के पैरों पर सिर रखकर उनसे कहा - बप्पा मुझे आप से कोई शिकायत नहीं, आपने जो कुछ मेरे लिए किया, उससे मैं पूरी तरह संतुष्ट हूँ,मुझे कोई शिकायत नहीं। मेरे लिए जो आप बेहतर से बेहतर कर सकते थे, आप ने किया है। यह सब कहने में मुझे 54 वर्ष लग गए। इसके लिए आप मुझे क्षमा करें।इसके बाद हम सब की आँखें भर आई। मेरा भी मन हल्का हो गया। यह मुझे बहुत पहले कह देना था, 54 वर्ष लग गए। हममें से बहुत लोग नहीं कह पाए और बहुत लोग अब कह भी नहीं पाएंगे,चूंकि पिता हमेशा साथ नहीं रहते। जिनके पास अवसर है कृपया कह दें, बहुत अच्छा लगेगा। पिता का कर्ज तो नहीं चुकता होगा, पर चुकता ही जाने का अहसास अवश्य ही होगा।

तब फिर सोचना क्या पास है तो कह दें, दूर है तो मोबाइल ले कह दें,नहीं है तो ईश्वर को साक्षी मानकर उन्हें कह ही दें। हम भी किसी के पिता हैं, मतलब हम भी हमेशा नहीं रहेंगे,इसलिए तुरंत अभी इसी वक़्त इस ज़िम्मेदारी को निभा लें, बहुत अच्छा लगेगा !

हर माता पिता अपनी - अपनी परिस्थिति के अनुसार बेहतर से बेहतर ही अपनी संतानो के लिए करते हैं !!

**डॉ रमाकांत क्षितिज**
**संकलन -विनोद कुमार दुबे**

# गोवा में दूसरी बार सरकार के लिए भाजपा तैयार, बुधवार को होगा शपथ ग्रहण समारोह

**पणजी(एजेंसी)।** गोवा में भारतीय जनता पार्टी लगातार दूसरी बार सरकार बनाने जा रही है। खबर है कि भाजपा नेतृत्व वाली नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 23 मार्च यानि बुधवार को होगा। गोवा विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा राज्य में 20 सीटों पर जीत के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने प्रमोद सावंत को ही सीएम के तौर पर राज्य की कमान सौंपने का फैसला किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सदानंद शेत तनवड़े ने कहा, पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह तोमर और उप पर्यवेक्षक एल मुरुगन बुधवार को गोवा पहुंचेंगे और उसी दिन भाजपा विधायक दल के नेता को चुना जाएगा। एक बार नेता चुने जाने के बाद नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

# वरिष्ठ कलाकार उषा श्री को मिला गौरव रत्न सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** देश की जानी-मानी कत्थक गुरु और वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री को संगीत के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर गौरव रत्न सम्मान प्रदान किया गया। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कार्यक्रम संसार जगत के तत्वाधान में तबला गुरु पंडित ठाकुर किशन सिंह को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन पिंक सिटी प्रेस क्लब जयपुर में किया गया।




Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फलैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित, मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा